(C) Product Awareness and Transfer of Eco-Friendly Dyestuff know how.

(D) Silk Printing Workshop—4 Days duration.

(E) Organising Appropriate Technology Exhibitions.

(F) Programme on Propogation of Jute Yarn.

(G) Natural Dyes Promotion.

(H) Marketing of Handloom Products.

(I) Organisation of Seminars/ Workshop/Courses on Human Resource Development in Handloom Sector.

रेशम उद्योग के विकास के लिए परियोजनाएं

3477. **श्री गोविन्दराम मिरी**:क्या बस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि;

(क) सरकार द्वारा पिछले पांच वर्षों के दौरान कर्णाटक, पुर्वेत्तर क्षेत्र और मध्य प्रदेश में रेशम उद्योग के विकास के लिए कार्यन्वित की गई योजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) वहां इस उद्योग के विकास के लिए योजना-व्यय और गैर योजना व्यय के लिए आवंटित राशि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और

ग) इस संबंध में निर्धीरित लक्ष्य औऱ अब तक प्राप्त की गई उपलब्धियां क्य-क्या है?

वस्त्र मंत्री (श्री आर.एल. जालप्पा): (क) राज्य में रेशम उद्येक का विकास करने के कार्यक्रमों/परियोजनाओं को मुख्यतः संबंधित राज्य सरकारों द्वारा शुरू किया जाता है। तथापि. राज्यों के प्रयासों को पुरा करने के लिए केन्द्रीय रेशम बोर्ड रार्यों के सहयोग से रेशम उत्पादन विकास की (शहतुती तथा गैर-शहतुती दोनों प्रकार की) परियोजनाएं शुरू करता है। प्रमुख परियोजनाओं जिनसे विशेषकर पिछले पांच वर्षों के दौरान कार्नाटक, मध्य प्रदेश तथा प्रर्वोत्तर क्षेत्र में असम मे राष्ट्रीय रेशम अत्पादन परियोजना, मध्य प्रदेश में प्रकृतिक रूप से विकसित किए जाने वाले तसर कोर्सों के विकास की परियोजना तथा पुर्वेत्तर राज्यों के लिए कार्य योजना।

(ख) पिछले पांच वर्षों के दौरान नर्नाटक, पुर्वोत्तर राज्यों तथा मध्य प्रदेश में अपने राज्य विशिष्ट इन्फ्रास्ट्रक्रर एककों (योजना और गैर योजना) दोनों के अंतर्गत पर केन्ट्रीय रेशम बोर्ड द्वारा किए गए कुल व्यय के ब्यौरा निम्ननुसार है:-

(करोड़ रु. में)

	कर्नाटक	पुर्वोत्तर	मध्य प्रदेश
1992-93	7.27	2.32	1.04
1993-94	8.38	3.90	1.25
1994-95	12.93	4.53	1.32
1995-96	6.16	5.99	5.16
1996-97*	2.34	1.80	0.96

(*सितंबर. 96 तक)

(ग) कर्नाटक तथा मध्य प्रदेश के चुनिदा जिलों में तथा पुर्वोत्तर क्षेत्र में असम में क्रियान्वित राष्ट्रीय रेशम उत्पादन परियोजना के अंतर्गत पर्याप्त इन्फ्रास्ट्रक्रर संबंधी सहायता के सुजन के अतिरिक्त उपलब्ध प्राकलनों के अनुसार शहतुती कृषि के अंतर्गत क्रमशः 127437 एकड़ 1145.50 एकड़ तथा 991 एकड़ क्षेत्र लाया गया है। आठवीं योजनावधि के दौरान (सिंतंबर. 96 तक) मध्य प्रेदश में प्राकृतिक रूप से विकसित किए जाने वाले तसर कोसों का विकास करने की परियोजना के अंतर्गत 125.38 लाख कोसों की कुल मात्रा रिलीज़ की गयी । इसी प्रकार पुर्वोत्तर राज्यों में रेशम उत्पादन का विकास करने के लिए कार्य योजना के अंतर्गत कुछ इन्फ्रास्ट्रक्रर का सृजन किया गया थआ साथ ही शहतुती रोपण के लिए 7500 एकड़ के परियोजना के लक्ष्य की तुलना में 2479 क्षेत्र में शहतुती रोपणा (दिसंबर. 1996 तक) का कार्य किया गया।